Girls' High School and College, Prayagraj

Work Sheet No.4

Session- (2020-2021)

Class - 2 (A-F)

Subject - Hindi

Lesson - लोमड़ीऔरबिल्ली

निर्देश-अभिभावक यह सुनिश्चित करें कि बच्चे सर्वप्रथम इस पाठ को ध्यान पूर्वक , सही उच्चारण के साथ पढ़ें। इसके पश्चात् दिए गए अभ्यास को करें।



किसी जंगल में एक लोमड़ी रहती थी।वह सब जानवरों से अपनी प्रशंसा की झूठी डींगें मारती रहती थी।एक बार शिकारी कुत्तों ने जंगल में बड़ा तहलका मचा रखा था।एक दिन लोमड़ी कुत्तों के बारे में बिल्ली से चर्चा करने लगी।लोमड़ी ने कहा,"मैं तो इन शिकारी कुत्तों से बहुत परेशान हूँ।"
बिल्ली बोली,"मैं भी इन शिकारी कुत्तों से बहुत परेशान हूँ।"
लोमड़ी ने कहा,"मानती हूँ ये बहुत तेज दौड़ते हैं,पर मुझे पकड़ पाना इनके बस

की बात नहीं है।मैं इन कुत्तों से बचने की सौ तरकीबें जानती हूँ।ये मुझे कभी नहीं पकड़ सकते।”
तब बिल्ली ने पूछा, “तुम कौन कौन से तरीके जानती हो?” लोमड़ी शेखी जताते हुए बोली,“मैं कई तरीके जानती हूँ।जैसे कि कभी किसी की माँद में छुप जाना।इन कुत्तों से बचने के लिए यह तो बहुत ही आसान तरीका है।”तब बिल्ली बोली,“मेरे पास तो एक ही तरीका है।” इस पर लोमड़ी बोली, “एकहीतरीका! बड़े दुख की बात है चलो कोई बात नहीं,मुझे भी बताओ वह कौन सा तरीका है?”

बिल्ली बोली,“बताना क्या है?अब मैं उसी तरीके का प्रयोग करने जा रही हूँ।जरा उधर देखो, शिकारी कुत्ते दौड़ते हुए आ रहे हैं।”यह कहते हुए बिल्ली कूद कर एक पेड़ पर चढ़ गई।अब शिकारी कुत्ते उसका कुछ नहीं कर सकते थे।

लोमड़ी दुम उठाकर भागने लगी। शिकारी कुत्ते लोमड़ी के पीछे भागने लगे।लोमड़ी ने शिकारी कुत्तों से बचने के लिए एक-से-एक तरीकों का प्रयोग किया परंतु वह असफल रही। शिकारी कुत्तों ने उसे धर दबोचा और मार डाला।

बिल्ली अपने मन में सोचने लगी, “ओह! बेचारी लोमड़ी मारी गई।इसकी अनेक तरकीबों की अपेक्षा, मेरी एक ही तरकीब कितनी अच्छी रही।”

अभ्यास-1- नीचे लिखे शब्दार्थों को पढिए और याद करिए--

शब्द	**अर्थ**
1-तरकीब	उपाय
2-इस्तेमाल	प्रयोग
3-घमंड	अभिमान
4-शेखी बघारना	झूठी प्रशंसा करना

5-डींगें खोखली, झूठी बड़ाई करना
6-दुम पूँछ
7-चर्चा जिक्र

अभ्यास-2-रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए-

1-किसी जंगल में एक______लोमड़ी रहती थी।
2-लोमड़ी सब जानवरों से अपनी______की झूठी डींगे मारती रहती थी।
3-एक बार शिकारी कुत्तों ने______में बड़ा आतंक मचा रखा था।
4-बिल्ली कूद कर एक______पर चढ़ गई।
5-लोमड़ी______उठाकर भागने लगी।
6-________उसका कुछ न बिगाड़ सके।

अभ्यास–3-सही विकल्प चुनिए-

1-उदाहरण-लोमड़ी परेशान थी--
अ- शेर से( ) ब- शिकारी कुत्तों से(**√**)
2-जंगल में तहलका मचा रखा था--
अ- शेर ने( ) ब- शिकारी कुत्तों ने ( )
3-दौड़ते हुए आ रहे थे--
अ- हिरन ( ) ब- शिकारी कुत्ते ( )
4-शिकारी कुत्ते भागने लगे--
अ- बिल्ली के पीछे( ) ब- लोमड़ी के पीछे ( )

अभ्यास-4-लघु प्रश्न-उत्तर-

नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर पढिए और याद करिए---

प्रश्न1- लोमड़ी कहाँ रहती थी ?
उत्तर- लोमड़ी जंगल में रहती थी।

प्रश्न-2- शिकारी कुत्तों से बचने की एक तरकीब किसके पास थी?
उत्तर- शिकारी कुत्तों से बचने की एक तरकीब बिल्ली के पास थी।

प्रश्न-3- लोमड़ीनेशिकारीकुत्तोंकेबारेमेंकिससेचर्चाकी?
उत्तर- लोमड़ी ने शिकारी कुत्तों के बारे में बिल्ली से चर्चा की।

अभ्यास-5- दीर्घ प्रश्न-उत्तर-

प्रश्न-1- बिल्ली ने अपनी जान कैसे बचाई?
उत्तर- बिल्ली दौड़ कर पेड़ पर चढ़ गई।शिकारी कुत्ते उसका कुछ न बिगाड़ सके।इस तरह से बिल्ली नेअपनी जान बचाई।

प्रश्न-2- लोमड़ी कैसे मरी ?
उत्तर- शिकारी कुत्तों को अपना पीछा करते देख लोमड़ी भागने लगी।परंतु शिकारी कुत्तों ने उसे धर दबोचा और मार डाला।